समर एक्सप्रेस



# दोस्त ने बोला दम है तो मार और मार दी गोली

## कर्जा वापस लेने पहुंचे व्यक्ति के पैर में लगी गोली, कहासुनी के बाद फायरिंग

**समर न्यूज़ | गुरदासपुर**



पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में उधार दिए गए 5 लाख रुपये वापस मांगने पर एक व्यक्ति ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। गोली पीड़ित के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो पीड़ित की पत्नी ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया।

जानकारी के अनुसार, अमृतसर निवासी राजिंदर सिंह ने वर्ष 2003 में बटाला के गांव गोखूवाल निवासी परमजीत सिंह संधू को 5 लाख रुपये उधार दिए थे। लंबे समय से पैसे वापस न मिलने पर राजिंदर सिंह अपनी पत्नी और ड्राइवर के साथ आरोपी के घर पैसे मांगने पहुंचा।

बताया जा रहा है कि पैसे को लेकर दोनों पक्षों में पहले तीखी बहस हुई। आरोपी और उसके परिवार ने दावा किया कि पैसे पहले ही लौटा दिए गए हैं, जबकि पीड़ित पक्ष ने इससे इनकार किया। इसी दौरान आरोपी की पत्नी ने सबूत दिखाने की बात कही, जिसके बाद माहौल और गर्मा गया। आरोप है कि गुस्से में आकर परमजीत सिंह ने राइफल निकाल ली और राजिंदर सिंह की ओर तान दी। जब पीड़ित ने विरोध करते हुए "दम है तो मार" कहा, तो आरोपी ने राइफल से फायरिंग कर दी। 35 बोर की राइफल से की गई फायरिंग में एक गोली राजिंदर सिंह के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के दौरान पीड़ित की पत्नी और ड्राइवर मौके से जान बचाकर भागने में सफल रहे। घायल राजिंदर सिंह को उसका ड्राइवर तुरंत गाड़ी में डालकर अस्पताल ले गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले प्रोफेसर का अपहरण

**समर न्यूज़ | रामपुरा**

रामपुरा क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक प्रोफेसर के अपहरण और लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कार सवार तीन अज्ञात आरोपियों ने प्रोफेसर को जबरन अपने वाहन में बिठाकर अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन और नकदी लूट ली तथा मोबाइल के जरिए ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराने की भी कोशिश की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रात के समय गोनियाना के ख्याली गांव के पास सड़क किनारे प्रोफेसर को घायल अवस्था में फेंककर फरार हो गए। वहां से गुजर रहे गांव वालों ने उन्हें उठाकर मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान कृष्ण कुमार के रूप में हुई है, जिन्हें बाद में बठिंडा के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

## पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी के बर्थडे पर शर्मनाक घटना

# पार्टी कार्यकर्ता ने गर्भवती महिला को मारी लात

## पटाखे जलाने से मना करने पर महिला से मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | आंध्र प्रदेश**

आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिला के साथ की गई हिंसा का मामला सामने आया है। यह घटना पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के जन्मदिन समारोह के दौरान हुई, जिसने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया।

घटना श्री सत्य साई जिले की है, जहां बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान एक गर्भवती महिला ने भीड़ के बीच पटाखे जलाने से मना किया था। महिला का कहना था कि इससे किसी को चोट लग सकती है। इसी बात पर गुस्साए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अजय देवा ने अपने साथी अंजिनप्पा के साथ मिलकर महिला पर हमला कर दिया। आरोप है कि अजय देवा ने महिला



आरोपी की परेड निकालती पुलस। - समर न्यूज़

का गला दबाया और उसके पेट पर लात मारी। पुलिस के अनुसार, यह हमला महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचाने की नीयत से किया गया। घटना का वीडियो सामने आने और जनता में भारी आक्रोश के बाद आंध्र प्रदेश पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की। मुख्य आरोपी अजय देवा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने उसे श्री सत्य साई जिले के कादिरी कस्बे में आरटीसी बस स्टैंड सर्कल से लेकर क्षेत्रीय पुलिस स्टेशन तक सरेआम परेड कराई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दूसरा आरोपी अंजिनप्पा अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। प्रशासन ने साफ कहा है कि गर्भवती महिला पर हमला बेहद गंभीर अपराध है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## 6.75 लाख महिलाओं को नियमित वित्तीय मदद

# 1170 करोड़ का बजट तैयार: सरवन

**दर्शन सिंह संधू | तरनतारन**
**समर न्यूज़**



सरवन सिंह धुन। - समर न्यूज़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर और एम्पावर बनाने के लिए कमिटेड है। इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पंजाब सरकार ने अब तक विधवाओं और बेसहारा महिलाओं को 895 करोड़ रुपये से ज़्यादा दिए हैं। यह जानकारी देते हुए, खेमकरण विधानसभा क्षेत्र के MLA सरवन सिंह धुन ने कहा कि पंजाब सरकार चालू फाइनेंशियल ईयर के दौरान अब तक राज्य की 6 लाख 75 हज़ार 857 एलिजिबल बेनिफिशियरी महिलाओं को रेगुलर यह फाइनेंशियल मदद दे रही है, जिससे लाखों परिवारों को फाइनेंशियल मदद मिल रही है। यह स्कीम सिर्फ़ फ़ाइनेंशियल मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि विधवा और बेसहारा महिलाओं को सोशल सिक्योरिटी, आत्म-सम्मान और आर्थिक मज़बूती देने की दिशा में एक मज़बूत कदम है, ताकि वे अपना और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें। MLA सरवन सिंह धुन ने आगे कहा कि विधवा और बेसहारा महिलाओं को फ़ाइनेंशियल मदद पक्का करने के लिए पंजाब सरकार ने इस मद में 1170 करोड़ रुपये का बजट रखा है, जिसका फ़ायदा योग्य लाभार्थियों तक ट्रांसपेरेंट और आसान प्रोसेस से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कमिटेड है।

# किसान मजदूर मोर्चा का ऐलान सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

## बदलावों के विरोध में जिला मुख्यालयों पर फूंके जाएंगे पुतले

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

किसान मजदूर मोर्चा भारत ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। संगठन ने घोषणा की है कि 29 दिसंबर को पूरे पंजाब के जिला मुख्यालयों पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतले फूंके जाएंगे। यह विरोध महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) में हालिया बदलावों को लेकर किया जा रहा है। मोर्चा का आरोप है कि केंद्र सरकार एमजीएनआरईजीए को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। संगठन के अनुसार, योजना के तहत बजट में करीब 40 प्रतिशत तक की कटौती की गई है, जिससे लाखों मजदूरों का रोजगार प्रभावित हो सकता है। किसान मजदूर मोर्चा ने कहा कि पहले पंचायतों और डीडीपीओ कार्यालयों के पास एमजीएनआरईजीए कार्यों के क्रियान्वयन और अनुमोदन की अहम भूमिका होती थी, लेकिन अब केंद्र सरकार इन अधिकारों को अपने हाथ में लेकर निर्णय प्रक्रिया को केंद्रीकृत कर रही है। इससे न केवल स्थानीय स्वशासन कमजोर होगा, बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी सीमित हो जाएंगे। संगठन ने यह भी दावा किया कि एमजीएनआरईजीए के तहत अनुमत कार्यों की कई श्रेणियों में कटौती की जा रही है। अकेले पंजाब में ही करीब 11 से 12 लाख जॉब कार्ड धारक हैं, जबकि देशभर में लगभग 12 करोड़ श्रमिक इस योजना पर निर्भर हैं। मोर्चा का कहना है कि इन श्रमिकों को बेरोजगारी की ओर धकेलकर सरकार कॉरपोरेट घरानों को सस्ता श्रम उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इन नीतियों के विरोध में मोर्चा ने 29 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शनों की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। संगठन की मांग है कि एमजीएनआरईजीए को उसके पुराने स्वरूप में बहाल किया जाए, गारंटीकृत रोजगार के दिनों को बढ़ाकर 200 दिन प्रति वर्ष किया जाए और दैनिक मजदूरी को 700 रुपये किया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक मजदूरों और श्रमिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## 416 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का भाव

# पराली के मामले भी घटकर 5,114 रह गए: खुड्डियां

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पहलकदमों के कारण वर्ष 2025 में पंजाब के कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं। इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने की फसल के भाव में की रिकॉर्ड वृद्धि, फसली विविधता अभियान तथा टिकाऊ प्रथाओं के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश में कृषि खुशहाली के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया गया है। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाने के साथ-साथ पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएं मिसाली बदलाव लायी है तथा गन्ने की कीमत में की रिकॉर्ड बढ़ोतरी किसानों की कड़ी मेहनत के सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने देश में गन्ने के लिए सबसे अधिक 416 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से स्टेट एग्रीड प्राइस देने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष से 15 रुपये अधिक है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के गन्ना उत्पादकों को देश भर में सबसे अधिक कीमत दी जाए। खरीफ सीजन के दौरान पराली जलाने की घटनाओं में 53 प्रतिशत कमी आई है। इस वर्ष पराली जलाने के मामले घटकर 5,114 रह गए जो वर्ष 2024 में 10,909 थे। सरकार द्वारा वर्ष 2018 से अब तक किसानों को 1.58 लाख से अधिक फसली अवशेष प्रबंधन मशीनें सब्सिडी पर प्रदान की गई हैं।

# APK भेजकर मोबाइल हैक कर रहे साइबर ठग

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

देशभर में साइबर ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी कड़ी में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक नया तरीका अपनाया है, जिसमें वाट्सऐप के जरिए मोबाइल फोन हैक किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। इंस्पेक्टर हरसिमरत ने बताया कि स्कैमर वाट्सऐप पर लोगों को एक APK फाइल भेज रहे हैं। फाइल देखने में बिल्कुल सामान्य इनविटेशन जैसी होती है। कई मामलों में यह मैसेज किसी जान-पहचान वाले के नाम से भी आता है, जिससे लोग धोखे में आ जाते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस APK फाइल को डाउनलोड या ओपन करता है, उसका मोबाइल फोन हैक हो सकता है। फोन हैक होते ही यूज़र की बैंक डिटेल्स, ओटीपी और सोशल मीडिया अकाउंट्स तक पहुंच मिल जाती है, जिससे पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## अश्लीलता फैलाने के आरोप पर पंजाब डीजीपी से शिकायत

# यो यो हनी सिंह का नागन गाना विवादों में

**समर न्यूज़ | जालंधर**



बॉलीवुड सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार मामला उनके दो साल पुराने गाने 'नागन' से जुड़ा है, जिसे लेकर अश्लीलता और पंजाबी संस्कृति को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। गाने में बिकिनी पहनी युवतियों के साथ हनी सिंह के डांस करने पर आपत्ति जताई गई है।

जालंधर के भाजपा नेता अरविंद शर्मा ने इस संबंध में पंजाब के पुलिस महानिदेशक (DGP) गौरव यादव को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में उन्होंने हनी सिंह के खिलाफ FIR दर्ज करने और नागन गाने को यूट्यूब समेत सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाने की मांग की है। भाजपा नेता का कहना है कि यह गाना बिना किसी एज लिमिट के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जिसे बच्चे और किशोर भी आसानी से देख सकते हैं। इससे उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि गाने के वीडियो में नग्नता, भद्दा डांस और आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए हैं, जो महिलाओं के प्रति सम्मान और समाज की मर्यादा के खिलाफ हैं। ाजपा नेता ने इसे गंभीर जनहित का मामला बताते हुए हनी सिंह और इससे जुड़े अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जालंधर का युवक गलती से पहुंचा पाकिस्तान

**समर न्यूज़ | जालंधर**

पंजाब के जालंधर जिले का एक युवक अचानक भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पाकिस्तानी रेंजर्स ने युवक को हिरासत में लेकर उसकी हथकड़ी लगी तस्वीर जारी की।

युवक पिछले कई दिनों से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी को लेकर परिजनों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। शाहकोट क्षेत्र का रहने वाला शरणदीप सिंह कुछ दिन पहले घर से अचानक गायब हो गया था। बाद में पता चला कि वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के कसूर जिले में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पहुंच गया, जहां पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे पकड़ लिया। रेंजर्स ने बताया कि गश्त के दौरान युवक उनकी सीमा में पाया गया, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया।



पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ शरणदीप सिंह। - समर न्यूज़

प्रारंभिक पूछताछ के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने युवक को कानूनी प्रक्रिया के तहत गंडा सिंह पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया है। फिलहाल पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि युवक ने सीमा किन हालात में पार की। पुलिस जासूसी और तस्करी से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शरणदीप सिंह कुछ समय पहले कपूरथला जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। उस पर झगड़े से जुड़े मामले दर्ज हैं। भारत में भी उसके खिलाफ दो केस दर्ज होने की बात सामने आई है। पिता सतनाम सिंह का कहना है कि उनका बेटा नशे का आदी है और इसी वजह से वह भटककर सीमा पार कर गया। परिवार का दावा है कि धुंध और गलत दिशा के कारण युवक अनजाने में पाकिस्तान पहुंच गया। पिता ने केंद्र सरकार से बेटे को सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है।

# चीमा ने जेल विभाग में 532 पदों के लिए भर्ती को दी मंजूरी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

जेल सुरक्षा को मजबूत करने तथा प्रशासनिक कुशलता में सुधार करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब जेल विभाग के लिए 532 कर्मचारियों की सीधी भर्ती को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। इस भर्ती अभियान के तहत 475 वार्डर और 57 मैट्रन भर्ती किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि ये 532 पद अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड के द्वारा भरे जाएंगे। यह प्रक्रिया पहले से चल रही 451 वार्डर और 20 मैट्रनों की भर्ती के साथ-साथ ही चलेगी, जो पहले से ही बोर्ड के द्वारा प्रक्रिया के अधीन है। स्वीकृत भर्ती में सात वार्डर पद भी शामिल हैं जो 31 दिसंबर, 2026 तक सेवामुक्ति के कारण खाली होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने कहा कि जेल विभाग



का व्यापक पुनर्गठन प्रक्रिया अधीन है और विभाग की कार्यक्षमता के लिए इन 532 पदों की तुरंत भर्ती आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जेल विभाग स्टाफ की कमी का सामना कर रहा है, जिस कारण गार्डिंग कर्मचारियों को दोहरी शिफ्टों में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की सुधारात्मक सुविधाओं में आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य के नौजवानों को नियमित रोजगार के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस भर्ती को मंजूरी देने का मुख्य उद्देश्य मौजूदा स्टाफ पर बोझ को कम करने के साथ-साथ अस्थाई स्टाफ की जगह कर्मचारियों की नियमित भर्ती करना है।

# गुलजारइंद्र ने योजना बोर्ड के वाइस चेयरमैन का पद संभाला

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



आर्थिक नीति एवं योजना बोर्ड, पंजाब के नवनियुक्त उपाध्यक्ष गुलज़ारइंद्र सिंह चाहल ने आज अतिरिक्त मुख्य सचिव जसप्रीत तलवाड़, अतिरिक्त सचिव जगजीत सिंह तथा निदेशक अनुपम की उपस्थिति में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का हार्दिक धन्यवाद किया। पदभार संभालते ही वाइस चेयरमैन चाहल ने योजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पहले से ही सुव्यवस्थित ढंग से जन-हितैषी नीतियों को लागू कर रही है, जिनके ज़मीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सुविचारित नीतियों के माध्यम से पंजाब राज्य देश भर में क्रांतिकारी सुधारों के क्रियान्वयन में अग्रणी बनकर उभरा है। बैठक के दौरान उन्होंने अपनी नई भूमिका के लिए ठोस योजना तैयार करने पर चर्चा की, ताकि वे पंजाब के विकास को और गति देने में प्रभावी योगदान दे सकें। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन गुलज़ारइंद्र सिंह चाहल ने पंजाब के भविष्य को ध्यान में रखते हुए डिजिटल अर्थव्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।

# साहिबजादों के कार्टून को लेकर बीजेपी विवादों में

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार साहिबजादों से जुड़े कथित कार्टून और पोस्टर को लेकर पंजाब में भारतीय जनता पार्टी चौतरफा घिर गई है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और साहिबजादों से संबंधित एक कार्टून पोस्ट सामने आया। कांग्रेस का आरोप है कि यह पोस्ट बीजेपी की ओर से साझा की गई थी, जिसमें पार्टी की तारीफ के चक्कर में गुरु साहिब और साहिबजादों का कार्टूननुमा चित्र दिखाया गया। विवाद बढ़ते ही यह पोस्ट डिलीट कर दी गई। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा इसके बाद आप ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए इसे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

**बेअदबी**

## बोले, 2027 में अकाली का मुकाबला कांग्रेस से है, पंजाब में अब नहीं आएगी आप सरकार

# राजा वड़िंग तो बच्चा है बोलने से पहले सोचना चाहिए: मलूका

**तपिन मल्होत्रा | चंडीगढ़**
**समर न्यूज़**

2027 में अकाली दल की सरकार बनेगी। सरदार सुखबीर सिंह बादल आएंगे। पंजाब में जो हालात बन गए हैं गांव में देखते हैं और लोगों की बातों को सुनते हैं इससे लगता है कि पंजाब में अब अकाली दल की सरकार बनेगी। यह बात समर न्यूज पर साक्षात्कार के दौरान पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के नेता सिकंदर सिंह मलूका ने कही।

मलूका ने कहा कि डायनासोर तो नहीं आएगा सुखबीर सिंह बादल जरुर आएंगे। डायनासोर तगड़ा जानवर था। इसका मतलब ये है कि सुखबीर सिंह बादल के आगे को कोई दूसरा नहीं आ सकता। इतनी ही ताकत के साथ



वह आएंगे। अकाली दल पर बेअदबी का आरोप लगाया गया इसमें हमारा कोई कसूर नहीं था। अकाली दल ने जितने विकास के काम पंजाब में किए हैं वह कोई भी पार्टी नहीं कर सकती। बादल साहब सरंपची से उठकर आए थे।

प्रकाश सिंह बादल को हर बात का पता था। उन्होंने बहुत संघर्ष किया था। सुखबीर सिंह बादल को सियासत को समझने में समय तो लगा है। सुखबीर सिंह बादल की ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य करवाने के लिए काफी रुची थी।

बिजली सहित अन्य विकास कार्य भी सुखबीर सिंह बादल ने करवाए हैं। नशा पूरी दुनिया में हैं। कैप्टन साहब ने कहा था कि नशा बंद कर क्या कभी बंद हुआ। विदेशों में भी नशा बहुत

इंटरव्यू को पूरा सुनने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

है। पंजाब गुरुओं पीरों की धरती हैं यहां नशा नहीं होना चाहिए। सभी दलों को एक साथ मिलकर नशे को खत्म करना चाहिए। तरनतारन हम हारे नहीं जीते हैं। 2027 में चुनाव या तो अकेले लड़ेंगे या बीजेपी के साथ लड़ेंगे। अकाली दल द्वारा कराए गए पिछले काम लोगों को याद आने लग गए हैं। लॉ एंड ऑर्डर बहुत खराब है। लोगों से लूट हो रही है। फिरौती मांगी जा रही है। अकाली सरकार के समय ये नामात्र थी। आम आदमी पार्टी के राज में ज्यादा बढ़ी हैं। पंजाब के हालात खराब कर दिए हैं। जब तक केंद्र सरकार पंजाब पर हाथ नहीं रखेगी तब तक दिक्कतें आएंगे। पंजाब पर कर्ज बहुत ज्यादा है।

**कांग्रेस से है मुकाबला आप से नहीं**

राजा वड़िंग तो बच्चा है। जिम्मेदारी बड़ी मिली है। बढ़िया प्रधानगी मिली है। बयान देने से पहले सौ बार सोचना चाहिए। हमारा मुकाबला आम आदमी पार्टी से नहीं है कांग्रेस से होना है। कांग्रेस को हम अब भी मजबूत नहीं मानते। अकाली दल में कोई कलह नहीं है। लोग अकाली दल के कामों को याद करते हैं। ये गारंटी है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में दोबारा नहीं आएगी।